संक्षेप में

क्रेडाई और अदाणी सीमेंट के बीच साझेदारी

रियल एस्टेट क्षेत्र का शीर्ष निकाय क्रेडाई ने उच्च गुणवत्ता वाले निर्माण को बढ़ावा देने के लिए अदाणी सीमेंट के साथ साझेदारी की है। क्रेडाई के पसंदीदा भागीदार के रूप में, अदाणी सीमेंट गृह (ग्रीन रेटिंग फॉर इंटीग्रेटेड हैबिटेट एसेसमेंट) प्रमाणित उत्पादों के साथ उत्तम गुणवत्ता के उत्पाद प्रदान करेगा, जिसमें हरित कंक्रीट समाधान और तकनीकी सेवाएं शामिल हैं। कन्फेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (क्रेडाई) के एक बयान में कहा कि उसने देश भर में पर्यावरण अनुकूल और उच्च गुणवत्ता वाली निर्माण प्रक्रियाओं को बढ़ावा देने के लिए अदाणी सीमेंट के साथ रणनीतिक साझेदारी की है। देश के 20 राज्यों और 230 शहरी शाखाओं में 13,000 से अधिक निजी रियल एस्टेट डेवलपर का प्रतिनिधित्व कर रहे क्रेडाई ने ग्रीन इंडिया काउंसिल और स्किलिंग काउंसिल भी शुरू की है। यह घोषणा क्रेडाई की संचालन परिषद की बैठक में की गई। *बीएस*

डिबेंचर से 4,000 करोड़ रुपये जुटाएगी एनटीपीसी

सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी ने शुक्रवार को कहा कि उसने गैर परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) जारी करके 4,000 करोड़ रुपये जुटाने का फैसला किया है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि इस राशि का इस्तेमाल पूंजीगत व्यय के वित्तपोषण, मौजूदा ऋणों के पुनर्वित्त और अन्य सामान्य कंपनी उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। एनटीपीसी ने बताया कि उसने 17 जून, 2025 को 6.89 प्रतिशत प्रति वर्ष के ब्याज पर निजी नियोजन के जरिए 4,000 करोड़ रुपये के असुरक्षित गैर परिवर्तनीय डिबेंचर जारी करने का फैसला किया है। *भाषा*

इक्रा करेगी फिनटेलिक्स इंडिया का अधिग्रहण

रेटिंग एजेंसी इक्रा ने वैश्विक वित्तीय संस्थानों को जोखिम समाधान प्रदान करने वाली कंपनी फिनटेलिक्स इंडिया का 2.6 करोड़ डॉलर में अधिग्रहण करने के लिए पक्का समझौता किया है। इक्रा ने बताया कि उसके निदेशक मंडल ने शेयर खरीद समझौते और अन्य लेनदेन दस्तावेजों के निष्पादन के अनुरूप 2.6 करोड़ डॉलर के बराबर मूल्य पर फिनटेलिक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण को मंजूरी दे दी है। *भाषा*

दिवाला प्रक्रिया में जेनसोल

इरेडा की याचिका पर एनसीएलटी ने जेनसोल को दिवाला प्रक्रिया में शामिल किया

भाविनी मिश्रा,
नई दिल्ली, 13 जून

राष्ट्रीय कंपनी कानून पंचाट (एनसीएलटी) के अहदाबाद बेंच ने इंडियन रिन्यूएबल डेवलपमेंट एजेंसी (इरेडा) की याचिका पर जेनसोल इंजीनियरिंग को दिवालिया प्रक्रिया में शामिल करने की मंजूरी दे दी। जेनसोल इंजीनियरिंग ही इलेक्ट्रिक-कार राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म ब्लूस्मार्ट का संचालन और प्रबंधन करती थी। इरेडा ने 510 करोड़ रुपये की चूक का हवाला देते हुए यह याचिका दायर की थी।

यह याचिका ऋणशोधन अक्षमता और दिवाला संहिता (आईबीसी) की धारा 7 के तहत दायर की गई थी। इसमें किसी वित्तीय लेनदार या ऋणदाता की ओर से दाखिल याचिका पर कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) शुरू करने का ब्योरा दिया गया है।

न्यायिक सदस्य शम्मी खान और तकनीकी सदस्य संजीव कुमार के कोरम ने कंपनी को दिवालियापन के लिए मंजूर कर लिया। अलबत्ता एनसीएलटी बेंच ने कहा कि वे इरेडा के सुझाए गए समाधान पेशेवर को नियुक्त नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके बजाय भारतीय ऋणशोधन अक्षमता और दिवाला बोर्ड (आईबीबीआई) की सूची में से किसी समाधान पेशेवर को नियुक्त किया जाएगा।

चूक का दिया हवाला

- जेनसोल इंजीनियरिंग करती थी इलेक्ट्रिक-कार राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म ब्लूस्मार्ट का संचालन और प्रबंधन
- इरेडा ने 510 करोड़ रुपये की चूक का हवाला देते हुए दायर की थी याचिका
- एनसीएलटी ने इरेडा की अन्य याचिका पर जेनसोल ईवी लीज लिमिटेड को भी दिवाला प्रक्रिया में शामिल करने की मंजूरी दे दी, जिसमें 219 करोड़ रुपये की चूक का है जिक्र

दिन में बाद में एनसीएलटी के उसी बेंच ने इरेडा की अन्य याचिका पर जेनसोल ईवी लीज लिमिटेड को भी दिवाला प्रक्रिया में शामिल करने की मंजूरी दे दी, जिसमें 219 करोड़ रुपये की चूक का जिक्र है। एनसीएलटी के अहमदाबाद बेंच ने 11 जून को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था, यह देखते हुए कि जेनसोल ने डिफॉल्ट की मांग पर कोई आपत्ति नहीं जताई है।

पंचाट ने 16 मई को इरेडा की दिवाला याचिका पर सुनवाई पर सहमति जताई थी, लेकिन तब समाधान पेशेवर (आईआरपी) की नियुक्ति से यह कहते हुए इनकार कर दिया था कि पहले जेनसोल इंजीनियरिंग को सुना जाना चाहिए।

इरेडा के वकील ने पंचाट से कंपनी की देखभाल के लिए किसी की नियुक्त का भी आग्रह किया था, यह कहते हुए कि नियामकीय जांच के बीच उसके प्रवर्तकों के कथित तौर पर भाग जाने के बाद जेनसोल 'बिना नेतृत्व' के हो गई है।

वकील ने एनसीएलटी को बताया, 'महोदय, सेबी (भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड) के आदेश के प्रभाव से कंपनी अब नेतृत्व विहीन है। निदेशक बाहर हो चुके हैं और कंपनी के पास करोड़ों रुपये की परियोजनाएं हैं। किसी को काम का प्रबंधन करने की आवश्यकता है।'

वित्तीय लेनदार ने जेनसोल में आंतरिक नियंत्रण और कॉरपोरेट प्रबंधन के मानदंडों को पूरी तरह से रोकने का भी आरोप लगाया। इसमें प्रवर्तकों पर सूचीबद्ध कंपनी को इस तरह चलाने का आरोप लगाया गया जैसे कि यह उनकी मालिकाना कंपनी हो। ब्लूस्मार्ट ने 16 अप्रैल को अपने परिचालन वाले तीन शहरों - दिल्ली-एनसीआर, बेंगलूरु और मुंबई के कुछ हिस्सों में कैब बुकिंग रोक दी थी।

सन फार्मा के शीर्ष प्रबंधन में फेरबदल

सोहिनी दास
मुंबई, 13 जून

दिलीप सांघवी की जगह कीर्ति गणोरकर को प्रबंध निदेशक बनाया गया, आलोक सांघवी उत्तर अमेरिका के व्यवसाय की कमान संभालेंगे

दिलीप सांघवी वैश्विक फार्मा कंपनी सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक के रूप में अपनी जिम्मेदारी अब अपने सहयोगी कीर्ति गणोरकर को सौंप रहे हैं। फार्मा कंपनी ने कहा कि यह कदम 'सुव्यवस्थित और दूरदर्शी उत्तराधिकार योजना' का हिस्सा है।

दिलीप के बेटे आलोक सांघवी (जो कंपनी में पूर्णकालिक निदेशक और मुख्य परिचालन अधिकारी हैं) को उत्तर अमेरिका के व्यवसाय की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है, क्योंकि सन के उत्तर अमेरिका व्यवसाय के वर्तमान अध्यक्ष और मुख्य कार्याधिकारी (सीईओ) अभय गांधी छोड़ रहे हैं।

उद्योग के जानकारों का कहना है कि सन फार्मा के बेहद महत्त्वपूर्ण वैश्विक बाजार का प्रबंधन करने का अनुभव आलोक के लिए कंपनी में भविष्य में अग्रणी बनने का मजबूत आधार होगा।

जहां गणोरकर 1 सितंबर से नई जिम्मेदार संभालेंगे, वहीं दिलीप बोर्ड के कार्यकारी चेयरमैन के तौर पर बने रहेंगे और स्पेशियल्टी पोर्टफोलियो को मजबूत बनाने पर ध्यान देंगे। इस पोर्टफोलियो का कंपनी की समेकित बिक्री में करीब 20 फीसदी योगदान है।

गणोरकर फिलहाल कंपनी के भारतीय कव्यवसाय के प्रमुख हैं। एमडी के रूप में पदभार ग्रहण करने के बाद सभी व्यावसायिक कार्यों की जानकारी गणोरकर को दी जाएगी। इस नियुक्ति के लिए आगामी वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों की मंजूरी ली जाएगी।

गणोरकर 1996 में सन फार्मा में शामिल हुए और जून 2019 से कंपनी के भारतीय व्यवसाय का नेतृत्व कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में कंपनी का भारतीय व्यवसाय लगातार बढ़ा है, जिससे उसकी बाजार हिस्सेदारी और मजबूत हुई है। सन भारत की सबसे बड़ी फार्मास्युटिकल कंपनी है जिसकी घरेलू बाजार में 8 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है।

सीरम इंस्टीट्यूट और डीएनडीआई में करार

सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) ने आज चिकित्सा अनुसंधान संगठन ड्रग्स फॉर नेग्लेक्टेड डिजीज इनिशिएटिव (डीएनडीआई) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत डेंगू के उपचार के लिए मोनोक्लोनल एंटीबॉडी वैक्सीन उम्मीदवार के क्लीनिकल विकास में तेजी लाई जाएगी, जो निम्न और मध्य आय वाले देशों में किफायती और सुलभ होगा।

इस सहयोग के अंतर्गत एसआईआई और डीएनडीआई दोनों ही अनुसंधान और विकास, तीसरे चरण वाले क्लीनिकल परीक्षणों तथा जरूरी धन और संसाधन जुटाने के लिए संयुक्त रणनीति के साथ-साथ गतिविधियों तक पहुंच का क्रियान्वयन करने के लिए कार्य योजना विकसित करेंगे। एसआईआई ने कहा कि वह पहले ही प्री-क्लीनिकल अध्ययन और पहले तथा दूसरे चरण के क्लीनिकल परीक्षण कर चुकी है, जो दिखाते हैं कि उम्मीदवार (पूर्व में वीआईएस513) सुरक्षित और प्रभावी है। वर्तमान में यह लाइसेंस के लिए भारत में तीसरे चरण के क्लीनिकल परीक्षण का नेतृत्व कर रही है।

एसआईआई और डीएनडीआई अब ब्राजील जैसे डेंगू से प्रभावित अन्य देशों में भी तीसरे चरण के अतिरिक्त परीक्षण करने के लिए मिलकर काम करेंगी। पुणे की कंपनी ने कहा कि क्लीनिकल परीक्षणों को आगे बढ़ाने के लिए संयुक्त परियोजना दल का गठन किया जाएगा, जिसका लक्ष्य भारत और अन्य देशों में डेंगू मोनोक्लोनल एंटीबॉडी को पंजीकृत करना और व्यवस्था करना है, बशर्ते ये अध्ययन इसकी सुरक्षा और कारगरता की पुष्टि करें। *बीएस*

स्मृति शेष : 1971-2025

सोना कॉमस्टार को ऊंचाई पर ले गए कपूर

शाइन जैकब और समी मोडक
चेन्नई/मुंबई, 13 जून

भारत के ऑटोमोटिव उद्योग की दिग्गज हस्तियों में शुमार वाहन कलपुर्जा निर्माता सोना कॉमस्टार के अध्यक्ष एवं गैर-कार्यकारी निदेशक और अभिनेत्री करिश्मा कपूर के पूर्व पति संजय कपूर का ब्रिटेन में पोलो खेलते समय दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 53 वर्ष के थे।

भारत के यात्री और वाणिज्यिक वाहन उद्योग को गियर, रोटेटर शाफ्ट, स्टार्टर मोटर, स्टीयरिंग कंपोनेंट्स की आपूर्ति करने वाली गुरुग्राम की इस कंपनी ने शुक्रवार को अपने बयान में कहा कि 'दूरदर्शी' कपूर ने सोना कॉमस्टार को वैश्विक मोबिलिटी टेक्नोलॉजी कंपनी के रूप में नई पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इस खबर के बाद कंपनी के शेयर गिर गए और बीएसई पर 1.5 फीसदी की कमजोरी के साथ 503 रुपये पर बंद हुए।

रिपोर्ट के अनुसार कपूर पोलो खेल रहे थे। तभी एक मधुमक्खी उनके मुंह में चली गईं जिससे जटिलताएं पैदा हुईं और दिल का दौरा पड़ने से उनकी मृत्यु हो गई। उसी दिन कपूर ने अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान हादसे पर शोक जताया था। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा था, 'अहमदाबाद में एयर इंडिया दुर्घटना की दुखद खबर। सभी प्रभावित परिवारों के साथ मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं। इस कठिन घड़ी में उन्हें शक्ति मिले।'

कपूर ने वर्ष 2015 में जिम्मेदारी संभालने के बाद से कंपनी को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। उनके पिता सुरिंदर कपूर को भारतीय ऑटो पार्ट्स उद्योग में अग्रणी माना जाता है, जिन्होंने 1995 में इस कंपनी की स्थापना की थी। दिलचस्प यह है कि कंपनी के लिए हिंदी नाम 'सोना' इसलिए चुना गया क्योंकि परिवार में सोने के व्यवसाय की परंपरा थी। कपूर ने अपने पिता के निधन के बाद 2015 में व्यवसाय का जिम्मा संभाला था। उन्होंने बकिंघम विश्वविद्यालय से बिजनेस की डिग्री भी ली थी। बाद में सोना कॉमस्टार का नाम बदलकर 'सोना बीएलडब्ल्यू प्रेसीजन फोर्जिंग्स' कर दिया गया। कंपनी की एक प्रजेंटेशन के अनुसार गुरुग्राम की सोना कॉमस्टार के भारत, चीन, मेक्सिको, सर्बिया और अमेरिका में 6,300 से अधिक कर्मचारियों के साथ 12 विनिर्माण संयंत्र हैं। रेलवे व्यवसाय सहित कंपनी का राजस्व 4,467 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। यह एक बड़ी उछाल है क्योंकि 2016-17 में कपूर के जिम्मेदारी संभालने के बाद पहले ही वर्ष में ही कंपनी की बिक्री और अन्य आय लगभग 505 करोड़ रुपये पर पहुंच गई थी। वित्त वर्ष 2025 में उसके राजस्व का लगभग 36 प्रतिशत ईवी कल-पुर्जा व्यवसाय से आया। 1 जून को सोना कॉमस्टार ने ऐस्कॉर्ट्स कुबोटा के रेलवे उपकरण व्यवसाय के अधिग्रहण की घोषणा की।

सोना कॉमस्टार जून 2021 में 5,550 करोड़ रुपये का आईपीओ लेकर आई थी। कंपनी के शेयर की कीमत आईपीओ में 291 रुपये थी। शुक्रवार को कंपनी का शेयर 503 रुपये पर बंद हुआ जो आईपीओ भाव से 72 प्रतिशत अधिक है। वर्ष 2019 में, निजी इक्विटी फर्म ब्लैकस्टोन ने संजय कपूर के नेतृत्व वाली सोना बीएलडब्ल्यू में 33 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी थी। बाद में वाहन कलपुर्जा कंपनी का विलय कॉमस्टार ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी के साथ हो गया। संयुक्त इकाई को सोना कॉमस्टार नाम दिया गया था, जिसे बाद में बदलकर सोना बीएलडब्ल्यू प्रेसीजन फोर्जिंग्स कर दिया।

वर्ष 2023 में ब्लैकस्टोन ने सोना बीएलडब्ल्यू में अपनी पूरी हिस्सेदारी 4,917 करोड़ रुपये में बेच दी। मौजूदा समय में सोना बीएलडब्ल्यू में कपूर परिवार की करीब 28 फीसदी हिस्सेदारी है। संजय को घोड़ों के प्रति अपने प्यार के अलावा पोलो के प्रति अपने जुनून के लिए जाना जाता था।

(सोहिनी दास से जानकारी के साथ)

उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालयः ग्रेप गार्डन, नंबर 27 तीसरा 'ए' क्रॉस, 18वां मेन, 6वां ब्लॉक, कोन्नंगला, बेंगलुरु-560095
क्षेत्रीय कार्यालय : जीएमटीटी बिल्डिंग प्लॉट नंबर डी-7, सेक्टर-3 नोएडा (उ.प्र.) - 201301
शाखा कार्यालय : ऊपरी तल, प्लॉट नंबर 3/551, विवेक खंड, गोमती नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226010

सार्वजनिक सूचना सोने की नीलामी सह बोली आमंत्रण सूचना

नीचे उल्लिखित कर्जदार तरुण वर्मा कई अनुस्मारक के बावजूद निर्धारित समय के भीतर ऋण चुकाने और गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों को छुड़ाने में विफल रहे हैं।
नीचे सूचीबद्ध कर्जदारों द्वारा गिरवी रखे गए सोने के आभूषण ऑनलाइन नीलामी में बेचे जाएंगे और यह **उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक** के अनुमोदित ई-नीलामी सेवा प्रदाता **मेसर्स श्रीराम ऑटो मॉल इंडिया लिमिटेड** के माध्यम से 30/6/2025 **को 12:30 बजे अप. से 3:30 बजे अप. तक** आयोजित किया जाएगा। बैंक बिना कोई कारण बताए किसी भी बोली को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। कृपया ध्यान दें कि यदि नीलामी उसी दिन पूरी नहीं होती है, तो यह उन्हीं नियमों और शर्तों पर अगले दिनों में पूरी होगी। यदि ग्राहक की मृत्यु हो गई है, तो नीलामी से संबंधित सभी शर्तें नामिती/कानूनी उत्तराधिकारी पर लागू होंगी। कर्जदार को सूचित किया जाता है कि वे नीलामी की तिथि से पहले ब्याज और सहायक व्यय का भुगतान करें, अन्यथा गिरवी रखे गए सोने के आभूषण बेच दिए जाएंगे और यदि कोई बकाया राशि होगी तो उसे ब्याज और लागत के साथ वसूल किया जाएगा।

क्र. सं.	कर्जदार का नाम	बैंक की शाखा का नाम	बंधक सोने के आभूषणों का विवरण	अनुमानित सकल भार (ग्राम में)	अनुमानित मूल्य (रु. में)
1.	तरुणा वर्मा	2402-गोमती नगर	चेन-1, ईयर रिंग-2, नेकलेस-1	26.86	1,84,505.54/-

इच्छुक पार्टियां अपने पैन कार्ड के साथ हाल ही के पासपोर्ट आकार के फोटो, वैध फोटो पहचान प्रमाण और पते के प्रमाण के साथ नीलामी की तारीख को ऊपर बताए गए समय पर बैंक की उपर्युक्त शाखा के पते पर जा सकती हैं।
बिक्री के अधिक विवरण और नियमों और शर्तों के लिए, इच्छुक बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे हमारी बैंक की वेबसाइट **https://www.ujjivansfb.in/e-auctions** और बैंक के ई-नीलामी सेवा प्रदाता मेसर्स श्रीराम ऑटोमॉल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट **https://gold.samil.in/home** पर जाएं और उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, ऊपरी तल, प्लॉट नंबर 3/551, विवेक खंड, गोमती नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226010-संपर्क व्यक्ति-ज्ञान प्रकाश मिश्रा-फोन नंबर-7983163069 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

नीलामी बिक्री के नियम एवं शर्तें:-
1. इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोलियां/कोटेशन निर्धारित फॉर्म में बंद लिफाफे में अपने पहचान पत्र, पते के प्रमाण के साथ जमा करानी होगी।
2. निर्धारित फॉर्मेट में न होने वाली बोलियां/कोटेशन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पहचान पत्र और पते के प्रमाण के साथ बोलियां/कोटेशन उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, ऊपरी तल, प्लॉट नंबर 3/551, विवेक खंड, गोमती नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226010 में 30/6/2025 को 12:30 बजे अप. से 3:30 बजे अप. तक जमा करानी होंगी। बैंक को कोटेशन को अस्वीकार या स्वीकार करने का पूरा अधिकार है।
3. इच्छुक खरीदारों को बैंक के ई-नीलामी सेवा प्रदाता पोर्टल मेसर्स श्रीराम ऑटोमॉल इंडिया लिमिटेड पोर्टल **https://gold.samil.in/home** पर अपना नाम पंजीकृत कराना आवश्यक है।
4. नीलामी बिक्री प्रक्रिया की अध्यक्षता करने वाले अधिकारी द्वारा सीलबंद बोलियाँ/कोटेशन 30/6/2025 को 12:30 बजे अप. से 3:30 बजे अप. तक उपलब्ध बोलीदाताओं की उपस्थिति में खोली जाएँगी।
5. बोलियाँ खोलने के बाद, इच्छुक बोलीदाताओं को नीलामी बिक्री प्रक्रिया की अध्यक्षता करने वाले अधिकारी के विवेक पर, प्रस्ताव मूल्य बढ़ाने के लिए आपस में गहन बोली लगाने का अवसर दिया जा सकता है। वृद्धिशील राशि नीलामी बिक्री प्रक्रिया की अध्यक्षता करने वाले अधिकारी द्वारा तय की जाएगी, और उसका निर्णय अंतिम होगा।
6. भाग लेने वाले बोलीदाता जो सबसे अधिक राशि की बोली लगाते हैं, उन्हें नीलामी बिक्री प्रक्रिया की अध्यक्षता करने वाले अधिकारी द्वारा सफल बोलीदाता घोषित किया जाएगा।
7. सफल बोलीदाता को नीलामी बिक्री पूरी होने के 3 (तीन) कार्य दिवसों के भीतर पूर्ण बिक्री मूल्य (अर्थात, वह मूल्य जिस पर उसने सोने के आभूषण की बोली लगाई है) नकद (अनुमेय सीमा तक) या डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करना होगा। यदि सफल बोलीदाता द्वारा उपरोक्त तरीके से बिक्री मूल्य की राशि जमा करने में चूक होती है, तो उसके द्वारा तब तक जमा की गई कुल राशि बिना किसी सूचना के जब्त कर ली जाएगी और सोने के आभूषणों को बैंक द्वारा उचित समझे जाने वाले किसी अन्य तरीके से पुनः नीलामी या बिक्री के लिए रखा जाएगा। ऐसे मामले में सफल बोलीदाता सोने के आभूषणों या उस राशि के किसी भी हिस्से के संबंध में सभी दावों को खो देगा जिसके लिए इसे बाद में बेचा जा सकता है।
8. सफल बोलीदाता को बैंक से पूर्ण बिक्री मूल्य का भुगतान करने के तुरंत बाद अपने द्वारा बोली लगाए गए सोने के आभूषणों को अपनी लागत और जिम्मेदारी पर वापस लेना होगा। उसे सोने के आभूषण प्राप्त करने के लिए भुगतान किए जाने वाले लागू वैधानिक बकाया/कर/प्रभार भी वहन करने होंगे। सफल बोलीदाता को बैंक के पक्ष में अपेक्षित स्वीकृति पत्र प्रस्तुत करना होगा।
9. नीलामी बिक्री प्रक्रिया की अध्यक्षता करने वाले अधिकारी को बिना कोई कारण बताए किसी भी निविदा/बोली/प्रस्ताव को स्वीकार या अस्वीकार करने और/या नीलामी बिक्री को स्थगित/स्थगित/रद्द करने तथा बिना किसी पूर्व सूचना के बिक्री की किसी भी या सभी शर्तों को संशोधित करने का पूर्ण अधिकार है।
10. बिक्री बैंक द्वारा पुष्टि के अधीन है।
11. सोने के आभूषणों को 'जहां है जैसी स्थिति है' और 'जो भी है यही है' के आधार पर बिक्री के लिए रखा गया है।
अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाता **उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, ऊपरी तल, प्लॉट नंबर 3/551, विवेक खंड, गोमती नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226010-संपर्क व्यक्ति-ज्ञान प्रकाश मिश्रा-फोन नंबर-7983163069** से संपर्क कर सकते हैं।

स्थानः लखनऊ **शाखा प्रबंधक, गोमती नगर लखनऊ शाखा**
दिनांकः 14.06.2025 **उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक लि.**

TATA POWER-DDL
टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रिब्यूशन लिमिटेड
टाटा पावर एवं दिल्ली सरकार का संयुक्त उपक्रम
रजि. आफिस : एनडीपीएल हाउस, हडसन लाइन, किंग्सवे कैम्प, दिल्ली-110009
CIN No. U40109DL2001PLC111526, वेबसाइट: tatapower-ddl.com

निविदा सूचना आमंत्रित June 14, 2025

टाटा पावर-डीडीएल निम्न मदों के लिए निविदाएं आमंत्रित करता है:

निविदा पूछताछ सं. कार्य का विवरण	अनुमानित लागत/धरोहर जमा राशि (रु)	बोली दस्तावेज की बिक्री	बोली जमा कराने की अंतिम तारीख और समय/निविदा खोलने की तारीख और समय
TPDDL/ENGG/ENQ/200001831/25-26 Silicon HT conductor insulation cover	1.23 Crs/ 3,09,000	16.06.2025	07.07.2025;1500 Hrs/ 07.07.2025;1530 Hrs
TPDDL/ENGG/ENQ/200001833/25-26 RC for Supply of 4G based 1-Ph Smart Meter (10-60A)	86.5 Crs/ 45,25,000	16.06.2025	07.07.2025;1500 Hrs/ 07.07.2025;1530 Hrs

शुद्धिपत्र/निविदा तिथि विस्तार

निविदा पूछताछ सं. कार्य का विवरण	पूर्व प्रकाशित दिनांक	संशोधित निविदा तिथि/बोली जमा कराने की तिथि/बोली खोलने की तिथि
TPDDL/ENGG/ENQ/200001810/25-26 Rate Contract for Supply of Polycarbonate Meter Seals	07.05.2025	19.06.2025 at 1500 Hrs/ 19.06.2025 at 1530 Hrs
TPDDL/ENGG/ENQ/200001816/25-26 Two Years Rate Contract for Mobile SMS Service for Tata Power-DDL	22.05.2025	20.06.2025 at 1500 Hrs/ 20.06.2025 at 1530 Hrs

सम्पूर्ण निविदा एवं शुद्धिपत्र दस्तावेज हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध
website **www.tatapower-ddl.com** → Vendor Zone → Tender / Corrigendum Documents

भारत से 97 फीसदी आईफोन अमेरिका भेज रही फॉक्सकॉन

रॉयटर्स
नई दिल्ली, 13 जून

सीमा शुल्क के आंकड़ों से पता चला है कि फॉक्सकॉन ने भारत से मार्च और मई के बीच निर्यात किए गए लगभग सभी आईफोन अमेरिका को भेजे। यह 2024 के 50 फीसदी के औसत से अधिक है और चीन पर अमेरिका के ऊंचे टैरिफ से बचने के ऐपल के प्रयासों का संकेत है।

रॉयटर्स के ये आंकड़े बताते हैं कि ऐपल ने अपने भारतीय निर्यात को लगभग पूरी तरह अमेरिकी बाजार के हिसाब से कर दिया है। पहले ये आईफोन नीदरलैंड, चेक गणराज्य और ब्रिटेन सहित कई अन्य देशों को भेजे जाते थे। रॉयटर्स ने कमर्शियल रूप से उपलब्ध सीमा शुल्क आंकड़ों को देखा है। इनके अनुसार मार्च से मई के दौरान फॉक्सकॉन ने भारत से 3.2 अरब डॉलर के आईफोनों का निर्यात किया। इनमें से औसतन 97 फीसदी अमेरिका को भेजे गए जबकि 2024 में यह औसत 50.3 फीसदी था।

मई 2025 में अमेरिका को फॉक्सकॉन की ओर से भेजे गए आईफोनों का कुल मूल्य करीब 1 अरब डॉलर था जो मार्च में भेजे गए रिकॉर्ड 1.3 अरब डॉलर के आईफोन के बाद दूसरा सबसे अधिक है।

ऐपल ने इस पर टिप्पणी से इनकार कर दिया जबकि फॉक्सकॉन ने रॉयटर्स के अनुरोध का जवाब नहीं दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि दोनों देशों के नेताओं की मंजूरी के बाद चीन पर 55 फीसदी टैरिफ लगेंगे। दोनों देश उन करों को कम करने की योजना पर सहमत हुए हैं जो तीन अंक में पहुंच गए थे। अधिकांश अमेरिकी व्यापार भागीदारों की तरह भारत 10 फीसदी के बेसलाइन टैरिफ के है और 26 फीसदी 'जवाबी' शुल्क से बचने के लिए बातचीत की कोशिश कर रहा है।

pnb Housing Finance Limited Ghar Ki Baat

परिशिष्ट -4-क
अचल सम्पत्ति(यों) की ई-नीलामी बिक्री सूचना
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना

पंजीकृत कार्यालयः - 9 वीं मंजिल, अंतरिक्ष भवन, 22, के जी मार्ग, नई दिल्ली -110001 फोनः - 011-23357171, 23357172, 23705414, **वेबसाइटः www.pnbhousing.com**
कानपुर शाखाः पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, तृतीय तल, 16/104 ए, श्री सिद्धिविनायक बिल्डिंग, सिविल लाइंस, कानपुर - 208001 (उ.प्र.)

एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कालम नंबर -ए में निदर्शित कर्जदार(रों) एवं गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित कालम नंबर-डी में वर्णित अचल सम्पत्ति(यां), जिसका प्रलक्षित/भौतिक कब्जा पीएनबी हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड (पीएनबी एचएफएल)/प्रत्याभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है (कालम नंबर-सी में वर्णितानुसार) नीचे दिए विवरण के अनुसार **'जैसी है जहां है', 'जैसी है जो है'** तथा **'जो भी है वहां है'** आधार पर बेची जाएंगी। एतद्द्वारा कालम नंबर -ए में निदर्शित कर्जदार(रों)/बंधकदाता(ओं)/संबंधित कर्जदार(रों)/बंधकदाता(ओं) (मृत्योपरान्त) के कानूनी वारिसों, कानूनी प्रतिनिधियों, (चाहे ज्ञात अथवा अज्ञात), निष्पादक(कों), प्रशासक(कों), उत्तराधिकारी(यों), समनुदेशिती(यों) को, जैसी भी स्थिति है, प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 अद्यतन संशोधित के नियम 8(6) एवं 9 के तहत सूचना दी जाती है।
बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट नामतः **www.pnbhousing.com** में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें।

ऋण संख्या, कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम गारंटर(ऱ) (ए)	मांग सूचना मांग की राशि और तारीख (बी)	कब्जा का प्रकार (सी)	बंधक रखी सम्पत्तिओं का विवरण (डी)	आरक्षित मूल्य (आरपी) (ई)	ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ)	बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि (जी)	बोली वृद्धि राशि (एच)	निरीक्षण की तिथि एवं समय (आई)	नीलामी की तिथि एवं समय (जे)	ज्ञात ऋणगार/न्यायालय मामला, यदि कोई. (के)
HOU/KNP/0519/694521, बी.ओ.: कानपुर, उमेश कुमार, श्री उमेश कुमार और श्रीमती अंजलि देवी	17.08.2022 तक रु. 20,72,069.74	भौतिक कब्जा	बंधक सभी संपत्ति जिसका अराजी नंबर 1061, चंदन नगर, सनिगवां रोड है, अहिरवां, कानपुर नगर-208001, माप 55. 183 वर्ग मीटर, **पूर्व** में : मकान का जूज भाग, **पश्चिम** में : मुन्ना शर्मा का मकान, **उत्तर** में : परशुराम यादव का मकान, **दक्षिण** में : 25 फीट चौड़ी सड़क।	रु. 1850000	रु. 185000	28.06.2025	रु. 10,000	20.06.2025 पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 5:30 बजे	30.06.2025 अप. 02.00 बजे से अप. 03:00 बजे	Not Known

*उसके भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक लागू अनुसार 18 प्रतिशत वार्षिक की दर पर भावी ब्याज, उपगत किए गए अनुषंगी खर्चों, लागत, प्रभारों इत्यादि सहित। ''पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के सर्वश्रेष्ठ ज्ञान और जानकारी के अनुसार, उपरिवर्णित अचल/प्रतिभूत आस्तियों के संबंध में कोई अन्य ऋणभार/दावे नहीं हैं, सिवाय उनके जो कालम नंबर-के में वर्णित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त इन ऋणभारों का भुगतान/अदायगी सफल क्रेता/बोलीदाता द्वारा उसकी अपनी व्यवस्था द्वारा की जाएगी। सफल क्रेता(ओं)/बोलीदाताओं से वर्णित ऋणभारों की सत्यता का अभिनिश्चयन स्वतंत्र रूप से करने का अनुरोध किया जाता है। 1. आज